न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन, बॉसगॉव–गोरखपुर।

मूलवाद संख्या– 475/2022

लक्ष्मी ––बनाम––––––––उमाशंकर

जे0ओ0 कोड संख्या– यू0पी0 3679

सी.एन.आर. नम्बर– यू.पी.जी.के. 120012772022

**दिनांक 19.10.2022:–**

पत्रावली प्रस्तुत। पुकार पर वादी जरिए अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना–पत्र दिनांकित 17क2 नियत है। प्रार्थना–पत्र 17क2 वादी की वारिस खुनमणी की ओर से इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि वादी मुकदमा श्री लक्ष्मी की दिनांक 02.07.2022 को मृत्यु हो जाने के कारण उनवान अर्जीदावा में उनके नाम के आगे शब्द 'मृतक' दर्ज कर ''1/1– श्रीमती खुनमणी माझी उम्र–लगभग 49 वर्ष बेवा श्री लक्ष्मी माली ग्राम– नरहरपुर, पोस्ट–खड़ेसरी, तप्पा–सिकन्दरपुर, परगना–चिल्लूपार, तहसील–गोला, जिला–गोरखपुर'' दर्ज किया जाए तथा अर्जीदावा के मद 12 के बाद एक मजीद मद 12अ बढ़ाये जाने की याचना की गयी है। समर्थन में शपथ–पत्र 18ग प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित वारिस जरिए वकालतन हाजिर अदालत है।

प्रार्थना–पत्र पर कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गयी है।

सुना तथा पत्रावली अवलोकित। प्रस्तावित संशोधन से वाद की प्रकृति में कोई परिवर्तन नहीं हो रहा है और न ही कोई नया केस सेटअप हो रहा है। वाद की बहुलता से बचने तथा उचित न्याय निर्णय हेतु प्रस्तावित संशोधन आवश्यक है। प्रार्थना–पत्र न्यायहित में स्वीकार किये जाने योग्य है।

**आदेश**

प्रार्थना–पत्र 17क2 स्वीकार किया जाता है। संशोधन अन्दर सप्ताह किया जाना सुनिश्चित किया जाए। पत्रावली वास्ते अग्रिम कार्यवाही दिनांक 06.01.2023 को पेश हो।

––सिविल जज, जू0डि0, बॉसगॉव
गोरखपुर।